सार-समाचार

एनएमटीसी अंतिम चरण में एलन पीएनसीएफ के विद्यार्थियों का श्रेष्ठ प्रदर्शन

कोटा, (निसं)। नेशनल मैथेमैटिक्स टैलंट कॉन्टेस्ट (एनएमटीसी) परीक्षा के अंतिम चरण में शीर्ष स्थान अर्जित करते हुए एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड के प्री-नर्चर एवं करियर फाउंडेशन (पीएनसीएफ) डिवीजन के विद्यार्थियों ने अपनी शैक्षणिक योग्यता का परचम लहराया है। इस परीक्षा के प्राइमरी लेवल, सब-जूनियर लेवल तथा जूनियर लेवल में कुल 7 विद्यार्थियों ने ऑल इंडिया रैंक्स में शीर्ष स्थान हासिल किया है। प्राइमरी लेवल में संस्था के 2 विद्यार्थियों ने रैंक 10 तथा 11, सब-जूनियर लेवल में 4 विद्यार्थियों में से 2 ने रैंक 6, 8 तथा 2 ने रैंक 10 अर्जित की है। जूनियर लेवल में एक विद्यार्थी ने एआईआर 6 हासिल की है। एलन वाईस प्रेसिडेंट एवं पीएनसीएफ हेड अमित गुप्ता ने बताया कि एनएमटीसी राष्ट्र स्तरीय गणित विषय की प्रतिस्पर्धा है जो कि एसोसिएशन ऑफ मैथमेटिक्स टीचर्स ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित कराई जाती हैं। इसमें विद्यार्थियों की कक्षावार कैटेगिरी लेवल जैसे प्राइमरी, सब जूनियर तथा जूनियर के विद्यार्थियों की दो चरणों में गणित के ज्ञान की परख की जाती है। प्रथम चरण में शीर्ष दस प्रतिशत विद्यार्थी अगले चरण के लिए पात्र घोषित किए जाते हैं। द्वितीय चरण में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए जाते हैं। प्रत्येक विद्यार्थी को 'ऑनरेबल मेंशन' प्रमाण पत्र के साथ पांच सौ रूपए नकद पुरस्कार स्वरुप दिए जाएंगे।

धरना प्रदर्शन में भाग लेने का आव्हान

छबड़ा (निसं)। भाजपा नेता पप्पू धाकड पर हुए प्राणघातक हमले के विरोध व हमलावरों को शीघ्र गिरफ्तार कर सख्त सजा दिलाए जाने की मांग को लेकर बारां में कल आयोजित होने वाले धरना प्रदर्शन में भाग लेने का आव्हान करते हुए धाकड़ समाजबंधुओ ने पीले चावल व पत्रक वितरित किए। शंकरलाल नागर के अनुसार रामस्वरूप धाकड उर्फ पप्पू पर 5 जनवरी को प्राणघातक हमला हुआ था। जिसमें उनके गंभीर चोटे आई हैं। किंतु घटना के 13 दिन गुजरने के बाद भी षेश हमलावर पुलिस गिरफ्त से दूर हैं। इसके चलते हमलावरों को शीघ्र ग्रिफ्तार कर कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर सोमवार को सर्व धाकड़ समाज की ओर से बारां कलेक्ट्री पर विशाल धरना ओर प्रदर्शन किया जाएगा। पत्रक वितरक कर रहे नंदकिशोर, हरिशंकर, रमेश, श्याम, शंकर लाल, सुनील, धनराज, महावीर, रामेश्वर, हेमराज, रिंकेश, ओमप्रकाश, रिंकू, ललित, नीलेश, गिरजा शंकर, देवेश, राजेश, राजेंद्र, रमेश, मुकेश, जगदीश, ऋषभ, दीपक, जसवंत, सत्यनारायण, बलराम, रामदयाल आदि ने मामले की निश्पक्ष जांच की मांग की।

पति ने पत्नि पर एसिड अटैक किया

कोटा, (निसं)। महावीर नगर थाना इलाके में एक महिला पर उसके पूर्व पति ने एसिड अटैक किया है। घटना शनिवार सुबह करीब 5 बजे की है। हमले के बाद आरोपी पूर्व पति महिला को घर में बंद कर फरार हो गया। पीड़िता ने खुद अपने पीहर पक्ष, पड़ोसियों और पुलिस को घटना की सूचना दी। हमले में घायल महिला को उपचार के लिए एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से उसे बर्न वार्ड में शिफ्ट किया गया। डॉक्टरों के मुताबिक महिला लगभग 60 प्रतिशत झुलस गई है। ज्यादातर जलने के निशान गर्दन के नीचे हैं। थानाधिकारी महेंद्र मारू ने बताया कि पीड़ित महिला सवाई माधोपुर में थर्ड ग्रेड की शिक्षिका है। वह सवाई माधोपुर में ही रहती है। जो अपने ससुर को देखने के लिए कोटा आई थी जहां पर उसके पूर्व पति ने उसे पकड़कर बांध दिया और मारपीट की। पुराने विवाद से नाराज होकर पूर्व पति ने महिला पर ज्वलनशील लिक्विड पदार्थ फेंक दिया जिससे वह झुलस गई। थानाधिकारी ने बताया कि अस्पताल में पुलिस ने महिला के बयान दर्ज किए हैं। महिला के परिजनों की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। इस घटना की जांच की जा रही है। महिला ने अपने बयान में बताया कि तलाक के बाद भी पति से उसका विवाद चल रहा था।

मेला समापन पर शोभायात्रा निकली

छबड़ा (निसं)। पाली स्थित चौथ माता मंदिर परिसर पर तीन दिवसीय मेले का षनिवार को विधिवत् समापन हो गया। समापन के अवसर पर विभिन्न प्रकार की जीवंत झाकियां व कलाकारो द्वारा दिखाए हैरतअंगेज करतब आकर्षण का केंद्र रहे। प्रचार प्रमुख पूरण सिंह लोधा ने बताया कि समापन पर धींगाराडी गांव से पाली स्थित चौथ माता मंदिर तक शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें अखाडा एवं लवकुश, राधा-कृष्ण, काली माता, गणेश, शंकर पार्वती, भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु की झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रही। जय भवानी अखाड़ा द्वारा करतब एवं अखाड़े का प्रदर्शन किया। समापन की पूर्व संध्या पर कोटा के कलाकारों द्वारा भजन संध्या की प्रस्तुती दी गई। जिसके मुख्य अतिथि पंचायत समिति के कार्यवाहक बीडीओ राजेंद्र कुमार मीणा रहे। अध्यक्षता कमलेश कुमार मेरोठा ने की। झांकियों के मंदिर पर पहुंचने पर विधिवत् पूजा-अर्चना के बाद पाली थानाधिकारी द्वारा ध्वज उतारकर समापन किया। मेले में दूर-दराज के दर्षनार्थी माता के दर्षन व मेले का लुत्फ उठाने पहुंचे।

सांस्कृतिक कार्यक्रम उमंग का समापन

कोटा, (निसं)। जवाहरलाल नेहरू टीचर ट्रेनिंग कॉलेज, लखावा, कोटा में शनिरवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम "उमंग" के अंतर्गत रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ बी.एड. प्रशिक्षणार्थी विनीता मीणा ने सरस्वती वंदना पर नृत्य करके किया। कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों ने एकल व सामूहिक रूप से राजस्थानी एवं पुराने फिल्मी गानों पर अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां दी। जिसमें प्रथम स्थान कोमल परेता व द्वितीय स्थान दिव्या मेरोठा ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में प्रोफेसर सपना जोशी एवं सह आचार्य डॉ. बृजसुंदर गौतम रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन कार्यक्रम प्रभारी सहायक आचार्य संगीता कुमारी एवं बी.एड. प्रशिक्षणार्थी विष्णु मीणा द्वारा किया गया।

रक्तदान शिविर आज

छबड़ा (निसं)। समाजसेवी प्रेमनारायण नागर (होटल वालो) की पुण्यस्मृति में आज सालपुरा रोड स्थित श्रीलक्ष्मी आईटीआई में छठवां विशाल रक्तदान शिविर सुबह 10 से शाम 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

स्वामित्व योजना में संपत्ति का मालिकाना हक मिलने से चेहरे खिले

कोटा, (निसं)। देशभर के 50 हजार गांवों के लाखों परिवारों को शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वो खुशी दी जिसका वे वर्षों से इंतजार कर रहे थे। स्वामित्व योजना में अपनी प्रॉपर्टी का मालिकाना हक मिलने से उनके चेहरे खुशी से खिल उठे।

प्रधानमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से स्वामित्व योजना अंतर्गत लाभार्थियों को पट्टे मय प्रॉपर्टी पार्सल वितरण किया। नरेन्द्र मोदी ने पट्टे मय प्रोपर्टी पार्सल वितरण के बाद लाभार्थियों को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। कुछ लाभार्थियों से उन्होंने संवाद भी किया। स्वामित्व योजना के लाभार्थियों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि स्वामित्व एवं भू आधार योजना गांव के विकास का आधार बनेगी। उन्होंने कहा कि प्रॉपर्टी के कानूनी दस्तावेज मिलने से लोगों को इन दस्तावेज के आधार पर ऋण मिल सकेगा और वे अपना छोटा-मोटा कारोबार शुरू कर सकेंगे। इससे गांवों की आर्थिक स्थिति सुधरेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि 5 साल पहले शुरू की गई स्वामित्व योजना में अभी तक 2 करोड़ से अधिक लोगों को अपने घर के पक्के कानूनी दस्तावेज मिले हैं। घर एवं संपत्ति के पक्के दस्तावेज मिलने से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है।

कोटा में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने स्वामित्व योजना में संपत्ति का मालिकाना हक लाभार्थियों को प्रदान किया है।

उन्होंने कहा कि ड्रोन की मदद से देश के करीब 6 लाख से अधिक गांवों में से आधे गांवों में घरों एवं जमीन की मैपिंग करवाई गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि करीब 23 करोड़ भू आधार नंबर जारी किए जा चुके हैं इससे भूखंड के स्वामित्व के बारे में आसानी से जानकारी मिल सकेगी और भूमि संबंधी विवादों के समाधान में आसानी होगी। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में 98 करोड़ लैंड रिकॉर्ड्स का डिजिटाइजेशन कर डिजिटल नक्शे उपलब्ध करवाए गए हैं। प्रधानमंत्री से संवाद के दौरान विभिन्न राज्यों के लाभार्थियों ने बताया कि जिस मकान में वे रह रहे थे उनके पास स्वामित्व का कोई दस्तावेज नहीं था। सोचा भी नहीं था कि उन्हें इसका मालिकाना हक मिल पाएगा।

स्पीकर बिरला ने स्वच्छता की शपथ दिलाई:- कोटा में जिला स्तरीय कार्यक्रम यहां सियाम ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया जिसके मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला थे। लोकसभा अध्यक्ष ने सियाम ऑडिटोरियम में 8 लोगों को स्वामित्व योजना के तहत पट्टा मय प्रोपर्टी पार्सल वितरित किए। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। स्वामित्व योजना के तहत पट्टा मय प्रोपर्टी पार्सल मिलने पर लाभार्थियों ने खुशी जताई और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया। कार्यक्रम के दौरान सियाम ऑडिटोरियम में जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल, जनप्रतिनिधि प्रेम गोचर, जिला कलेक्टर डॉ.रविन्द्र गोस्वामी, जिला परिषद सीईओ राजपाल सिंह सहित अन्य अतिथि एवं लाभार्थियों के परिवारजन उपस्थित थे।

सिंधी बाल साहित्य पत्र वाचन

कोटा, (निसं)। तीन दिवसीय चित्तौड़गढ़ साहित्य उत्सव 2025 में इस बार हिंदी साहित्य के साथ-साथ सिन्धी साहित्य को भी जोड़ा गया। इसी क्रम में राजस्थान से तीन साहित्यकारों और साहित्य संस्थाओं से जुड़े व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया था जिन में प्रमुख रहे भारतीय सूचना सेवा के पूर्व अधिकारी और प्रधानमंत्री कार्यालय में निदेशक रहे किशन रतनानी, जिनकी सिंधी भाषा में 14 पुस्तक के प्रकाशित हैं। उनके साथ राजस्थान सिन्धी अकादमी के पूर्व अध्यक्ष अजमेर के डॉक्टर लाल थदानी, उदयपुर के पत्रकार व सिंधी फिल्मों से जुड़े कलाकार कमल वरदानी व चित्तौड़गढ़ लॉ कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर डॉ.राजेश खटवानी को आमंत्रित किया गया था। संचालन चित्तौड़गढ़ के ही सिंधी समाज के मीडिया प्रमुख योगेश भोजवानी में संभाला। प्रारंभ में इस आयोजन के संयोजक चित्तौड़गढ़ के वरिष्ठ पत्रकार अनिल सक्सेना ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

पश्चिम मध्य रेल

मुख्य कारखाना प्रबंधक,
माल डिब्बा मरम्मत कारखाना, कोटा
निविदा सं. M-324-CasnubBogie-Ten01RE दिनांक: 16.01.2025

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मु.का.प्र., माल डिब्बा मरम्मत कारखाना कोटा निम्नलिखित कार्य के लिये ई-निविदा आमंत्रित करते है। **टेण्डर सं.:**M-324-CasnubBogie-Ten01RE, **कार्य का विवरण:** "माल डिब्बा मरम्मत कारखाना कोटा प.म.रे. में छः माह की अवधि हेतु बीएलसी बैगन सहित सभी प्रकार के बैगनों की कैसनब बोगी की मरम्मत का कार्य।", **अनुमानित लागत रू. में:** रुपये 39,67,638.34/-, **निविदा प्रपत्र राशि (रू. में):** निल, **बयाना राशि रू. में:** रूपये 79,400.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 6 माह, **निविदा बंद/खोलने की तारीख और समय:** बंद होगा 11.30 बजे दिनांक: 08.02.2025 एवं खोला जाएगा 12:00 बजे दिनांक: 08.02.2025। ई-निविदा वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दी गई है तथा विवरण मुख्य कारखाना प्रबंधक कार्यालय कोटा के प्रगति अनुभाग के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है। ऑफर सिर्फ ई निविदा के माध्यम से इसी वेबसाइट पर स्वीकार किये जायेगें। इस निविदा के लिये मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे। यदि ऐसा कोई ऑफर प्राप्त होता है तो उस पर ध्यान नहीं दिया जायेगा।

उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर-II,
मा.डि.म. कारखाना, पमरे, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

किसान हित में कदम उठाने की मांग

कोटा, (निसं)। राजस्थानी एसोसिएशन ऑफ स्पाइसेस (रास) की कोटा में हुई समीक्षा बैठक में विभिन्न जिलों से आये मसाला प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में राजस्थान में मसाला पैदावार का उत्पादन एवं बिक्री बढ़ाने के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। संस्था के अध्यक्ष श्याम जाजू एवं सचिव महावीर गुप्ता ने बताया कि बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को ज्ञापन भेजकर मांग की कि किसान कल्याण टैक्स को प्रदेश में पूरी तरह समाप्त किया जाये एवं मंडी टैक्स की दरें 1.5 व 2 प्रतिशत से घटाकर पडौसी राज्यों के समान 0.50 प्रतिशत की जाये। जिससे प्रदेश के किसानों के हित में जीरा, धनिया, सौंफ, मैथी, सरसों जैसे प्रमुख मसाला उत्पादों का व्यापार फिर से तेज हो सकें। प्रदेश में ड्राई पोर्ट व कंटेनर सीलिंग सुविधा बहुत कम है, इसका विस्तार किया जाये। रास, कोटा इकाई के हेमंत जैन ने कहा कि किसान कल्याण टैक्स प्रदेश के व्यापारियों पर अव्यवहारिक आर्थिक बोझ है, जो अन्य राज्यों के मुकाबले कमजोर बनाता हैं। दूसरा, गुजरात और मध्यप्रदेश में ऐसी कोई फसल नहीं है जिससे वहां की प्रोसेसिंग इकाईयों को सीधा लाभ होता है। ऐसे में राजस्थान में उत्पादित माल प्रोसेसिंग के लिये वहां जा रहा है।

चाकूबाजी के दो आरोपी गिरफ्तार

■ वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया

कोटा, (निसं)। उद्योग नगर थाना इलाके में एक छात्र पर चाकू से हमला कर हमले का विडियो बनाकर सोशल मिडिया पर वायरल करने के मामले में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 12 घंटे के अन्दर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

शहर पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि उद्योग नगर इलाके के डीसीएम में चाकूबाजी की घटना का विडियों बनाकर सोशल मिडिया पर वायरल करने के मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस उपअधीक्षक लोकेन्द्र पालीवाल के सुपरविजन एवं उद्योग नगर थानाधिकारी जितेन्द्र सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने कार्यवाही करते हुए घटना के 12 घंटे के अंदर बालिता रोड निवासी सुजल (19) एवं लोकेश (21) को गिरफ्तार किया है।

यह था मामला:- शहर एसपी ने बताया कि इन्द्रा गांधी नगर निवासी अरिदमन सिंह ने उद्योग नगर थाने में रिपोर्ट दी थी जिसमें कहा कि उसका बेटा विश्वजीत सिंह घर से रायपुरा गायत्री विहार साईकिल से जा रहा था। डीसीएम तारबाडे में तीन लड़को ने उसे रोककर मोबाईल छीनने का प्रयास किया और उसके बेटे को जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला किया जिससे उसके बेटे के बांये पैर में चोट लगी। फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि हमलावरों ने हमले का विडियो भी बनाया और विडियो को सोशल मिडिया पर वायरल किया। पुलिस ने रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पकड़े गये आरोपियों से अनुसंधान किया जा रहा है।

खोया पाया

हर भगवान पुत्र लद्दामल 2-j-2 तलवंडी कोटा का इन्वेंटरी नोड्यूज व आवंटन पत्र गुम हो गया है, किसी को मिलने पर सूचित करें।

आम सूचना

सर्व साधारण को मेरे पक्षकार चोथमल पुत्र कालुसिंह जाति राजपुत निवासी मानक रैन बसेरा नयापुरा कोटा राज. की ओर से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के पुत्र मनीष का चाल-चलन व व्यवहार परिवार की मान-मर्यादा के अनुरुप नहीं है, वह नशा कर मार-पीट करता है, तथा मरने-मारने की धमकीयाँ देता है, इसलिए मेरे पक्षकार चोथमल ने पुत्र मनीष को घर सम्पति जायदाद से बेदखल कर सारे संबंध विच्छेद कर लिये है, पुत्र मनीष से कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का कोई सम्व्यवहार, लेन-देन करता है, अथवा किसी भी प्रकार का संबंध रखता है, तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

दिनांक : 18.01.2025

भवदीय
सत्यनारायण एडवोकेट
मो.नं. 9352645546

दो दिवसीय विक्रम साराभाई स्पेस एग्जिबिशन का भव्य उद्घाटन हुआ

■ पहले दिन 5500 बच्चों ने भाग लिया

कोटा, (निसं)। शिक्षा विभाग खैराबाद की पहल से आयोजित करवाई जा रही दो दिवसीय विक्रम साराभाई अंतरिक्ष प्रदर्शनी (अंतरिक्ष उपयोग केंद्र - अहमदाबाद) के पहले दिन का भव्य शुभारंभ किया गया। पहले दिन की शुरुआत विद्यार्थियों के पंजीकरण से की गई।

प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षा मंत्री राजस्थान सरकार के विशेषाधिकारी सतीश कुमार गुप्ता द्वारा परंपरागत तरीके से शुभारंभ किया गया। स्काउट के बैंड परेड द्वारा इसरो के वैज्ञानिकों एवं अतिथियों को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

महात्मा गांधी स्कूल खैराबाद की बालिकाओं द्वारा वंदे मातरम् एवं सरस्वती वंदना की प्रस्तुति के पश्चात मुख्य अतिथि सतीश गुप्ता द्वारा भारत माता की जय के उद्घोष के साथ अपना उद्बोधन प्रारंभ किया गया। विशेषाधिकारी ने बताया कि इसरो वैज्ञानिकों द्वारा संचालित इतनी भव्य प्रदर्शनी का आयोजन माननीय शिक्षा मंत्री जी के प्रयासों से ही संभव हो पाया हैं।



कोटा में विक्रम साराभाई अंतरिक्ष प्रदर्शनी का उद्घाटन शिक्षा मंत्री के विशेषाधिकारी सतीश कुमार गुप्ता द्वारा किया गया।

उन्होने कहा कि इस प्रदर्शनी के लिए रामगंजमंडी को ही चुना गया ताकि क्षेत्र के ग्रामीण विद्यार्थियों को भी अंतरिक्ष विज्ञान से सम्बंधित जानकारी एवं इसरो के वैज्ञानिकों से रूबरू होने का अवसर मिल सकें। कार्यालय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी खैराबाद के विभिन्न पदाधिकारियों द्वारा कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रधान खैराबाद कलावती मेघवाल, ओम प्रकाश फौजी, रामरतन मण्डल अध्यक्ष, तथा इसरो से आये सभी वैज्ञानिकों का विधिवत स्वागत एवं सम्मान किया गया। विक्रम साराभाई स्पेस एग्जिबिशन के इंचार्ज वरिष्ठ वैज्ञानिक परेश सरवैया द्वारा प्रदर्शनी का प्रारूप समझाते हुए इसकी उपयोगिताएं बताई गई।

प्रदर्शनी का सर्वप्रथम अवलोकन खैराबाद ब्लॉक के 21 दिव्यांग विद्यार्थियों द्वारा किया गया जिसके पूर्व विशेषाधिकारी महोदय द्वारा इनका स्वागत सम्मान भी किया गया। विद्यालय की छात्राओं द्वारा अतिथियों के समक्ष सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई।

प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने चंद्रयान प्रक्षेपण, मिशन मंगल, प्रथम उपग्रह आर्यभट्ट, लॉन्चिंग व्हीकल्स, फ्यूचर प्रोजेक्ट समानव गगनयान आदि के मॉडल्स का अवलोकन किया गया एवं 50 वॉलेंटियर्स द्वारा सभी मॉडल्स की कार्यप्रणाली से विद्यार्थियों को अवगत करवाया गया।

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी खैराबाद कृती मेहरोत्रा ने बताया कि प्रदर्शनी में कोटा जिले के अलावा झालावाड़ व चित्तौड़गढ़ जिले के विभिन्न विद्यालयों ने भी हिस्सा लिया है। प्रदर्शनी के पहले दिन 87 विद्यालयों की 3047 बालिकाओं एवं 2177 बालकों सहित कुल 5585 दर्शकों ने पूर्ण उत्साह के साथ मॉडल्स का अवलोकन किया।

प्रदर्शनी में शामिल स्पेस मोबाइल एग्जीबिशन की बस आकर्षण का केंद्र बन रही है।

वेटलिफ्टिंग संघ के चुनाव निर्विरोध सम्पन्न

कोटा, (निसं)। कोटा जिला वेटलिफ्टिंग संघ के तत्वावधान में संघ के चुनाव शनिवार को भारत होटल पर हुए जिसमें निर्विरोध चुनाव हुए। इस चुनावी प्रक्रिया में पर्यवेक्षक सचिव राजस्थान वेटलिफ्टिंग रवि शर्मा ओलंपिक से अध्यक्ष सीपी जोशी चुनाव अधिकारी नीता डांगी खेल अधिकारी याई प सिंह के सानिध्य में चुनाव प्रक्रिया को पूरा किया गया। इस चुनाव में अध्यक्ष पद पर जसपाल सिंह अहलूवालिया, उपाध्यक्ष पद पर शलभ विजय, रचित सिंह जादौन, नमन जैन को चुना गया वहीं सचिव पद पर राज कुमार आसोपा, संयुक्त सचिव पद पर अनिकेत जैन, वाजिद अली मंसूरी, अमित कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष शालिनी जोशी एवं सदस्य के पद पर आशिमा गोयल, मीना सुमन, अरुण कुमार नायर, संदीप सिंगोर, राज सिंह रहे। अध्यक्ष अहलूवालिया को राजस्थान के सचिव ने खेल को आगे बढ़ाने और आगे बड़ी प्रतियोगिताएं करने का भार सौंपा। इस अवसर पर अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कोटा में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन कराए जाने की बात कही।

लाभार्थियों को पट्टे बांटे

छबड़ा (निसं)। पंचायत समिति के सभागार मे केंद्र की योजनाओं के तहत स्वामित्व योजना के अंतर्गत स्वामित्व कार्ड एवं पट्टा वितरण कार्यक्रम शनिवार को सम्पन्न हुआ। जिसके मुख्यातिथि प्रधान हरिओम नागर रहे। अध्यक्षता कार्यवाहक विकास अधिकारी राजेंद्र मीणा ने की। विशिष्ट अतिथि देहात मंडल अध्यक्ष अशोक गौड थे। यहां सबसे पहले प्रधानमंत्री का वर्चुअल उद्बोधन प्रोजेक्टर के माध्यम से सुनाया गया। उसके उपरांत सभी लाभार्थियों को नशा मुक्ति एवं स्वच्छता की शपथ दिलवाई गई। वही, ग्राम पंचायतो द्वारा उपलब्ध पट्टो का वितरण किया गया। इस अवसर पर फलिया सरपंच शिवदयाल लोधा आदि मौजूद थे।

नोटिस वास्ते जाहिर करने वजह

नोटिस-अन्तर्गत रुल 10-8 राज. मोटर एक्सीडेन्ट क्लेम ट्रिब्यूनल (रुल्स 1990) मोटर एक्सीडेन्ट क्लेम संख्या 46/2016

भूरी बाई बनाम रामकिशन वगे.

नोटिस बनाम-GIRIRAJ JI MOTORS AUTHORISED SUB DELER FOR TVS MOTOR COMPANY LIMITED JHALAWAR ROAD AKLERA DIST JHALAWAR PIN-326033

आपको सूचना दी जाती है कि इस न्यायाधिकरण में उक्त मोटर एक्सीडेन्ट क्लेम आपके विरुद्ध पेश किया गया है और यह बताया गया है कि आप पर वाहन संख्या TVS स्टार स्पोट इन्श्योर्ड होने के नाते उक्त क्लेमेन्टस को जमना लाल की मृत्यु/क्षतियों के संबंध में रुपये 40,70,000/- क्षतिपूर्ति चुकाने का दायित्व है। अत: आप दिनांक 20.01.2025 को प्रात: 10 AM न्यायाधिकरण में स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति द्वारा उपस्थित होकर व जवाब पेश करके कारण बतावें कि आपसे यह क्षतिपूर्ति राशि क्यों न दिलवाई जावे। आपको यह सूचना दी जाती है कि यदि उक्त दिवस व उक्त समय आप इस न्यायाधिकरण में उपस्थित नहीं हुए तो आपके विरुद्ध आदेश एक तरफा दे दिया जावेगा।

दिनांक 14.01.25 को जारी किया गया।

मोहर अदालत

न्यायालय के आदेश से
रीडर
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश
छबड़ा जिला बारां (राज.)

यातायात जागरुकता रैली का आयोजन

कोटा, (निसं)। राजकीय कला महाविद्यालय, कोटा में राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाईयों अ, ब, स, द और नेहरू युवा केन्द्र, कोटा के संयुक्त तत्वावधान में यातायात जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। राजकीय कला महाविद्यालय कोटा के नवीन भवन प्रांगण से रैली को महाविद्यालय प्राचार्य प्रो.रोशन भारती ने हरी झंडी दिखाकर के रवाना किया। रैली महाविद्यालय से प्रारंभ होकर जेके लोन चिकित्सालय होते हुए कलेक्ट्रेट चौराहा तक पहुंची। स्वयंसेवकों ने रैली के दौरान हेलमेट लगाने, सीट बेल्ट लगाने आदि के प्रति आमजन और वाहन चालकों की जागरूकता हेतु नारे लगाऐं। कलेक्ट्री चौराहा पर स्वयंसेवकों ने बिना हेलमेट लगाए दोपहिया वाहनों के चालकों को, बिना से सीट बेल्ट लगाए कार चालकों को रोक कर समझाईश की और उन्हें यातायात नियमों की पालना करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही यातायात नियमों के पालन से सामाजिक सुरक्षा के और पारिवारिक सुरक्षा के प्रति बोध कराया। रैली के दौरान नेहरू युवा केंद्र कोटा के प्रभारी सचिन पाटोदिया, समाज सेवक एवं कोशिश संस्था से जुड़े हुए पंकज शर्मा, पूर्व जिला समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, कोटा प्रो.विवेक कुमार मिश्र तथा राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारीगण डॉ.समय सिंह मीना आदि की सक्रिय सहभागिता रही।

'रेलवे में निजीकरण का विरोध जारी रहेगा'

■ रेलवे एम्पलाईज यूनियन का 22वां अधिवेशन आयोजित

कोटा, (निसं)। रेलवे में निजीकरण को लेकर ऑल इंडिया रेलवे मेन्स फैडरेशन शुरू से विरोध करती हुई आ रही है, और रेलवे का निजीकरण नही होने देंगे। यह बात ऑल इंडिया रेलवे मेन्स फैडरेशन के महामंत्री शिवगोपाल मिश्रा ने कहीं। उन्होंने कहा कि रेलवे एम्पलाईज यूनियन की तीनों मंडलो में मान्यता के हुए चुनाव मे हार हुई हैं, लेकिन ऑल इंडिया रेलवे मेन्स फैडरेशन आज भी रेलवे कर्मचारियों की समस्याओं के निदान को लेकर हमेशा तत्पर रहता हैं, और ऑल इंडिया रेलवे फैडरेशन की स्थिति देश के अंदर नम्बर एक पर है।

उन्होंने कहा कि नई ऊर्जा के साथ रेलवे कर्मचारियों की आने वाली समस्याओं को दूर किया जायेगा। वही रेलवे में भर्ती पर एआईआरएफ के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा ने कहा कि लगभग डेढ़ लाख से अधिक कर्मचारियों की रेलवे में भर्ती की आवश्यकता है जिसको लेकर वह सरकार से जल्द ही वार्ता करेंगे। ऑल इंडिया रेलवे मेन्स फैडरेशन के महामंत्री शिवगोपाल मिश्रा शनिवार को कोटा में आयोजित वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे एम्पलाईज यूनियन के 22वां अधिवेशन मे शामिल होने के लिये कोटा आये थे। यूनियन का वार्षिक अधिवेशन शनिवार को रेलवे वर्कशॉप परिसर में आयोजित हुआ। वार्षिक अधिवेशन का उद्घाटन ऑल इण्डिया रेलवेमैन्स फैडरेशन के महामंत्री कॉमरेड शिवगोपाल मिश्रा ने किया। कॉमरेड मिश्रा ने कहा कि ऑल इण्डिया रेलवेमैन्स फैडरेशन ने 8वें वेतन आयोग की मांग जगन्नाथ पूरी ईस्ट कोस्ट रेलवे में आयोजित अधिवेशन मे रखी थी जिसको आज भारत सरकार ने अमली जामा पहनाते हुये 8वें वेतन आयोग देने की घोषणा की।

एआईआरएफ के सहायक महामंत्री मुकेश गालव ने रेलवे एम्पलाईज यूनियन के अधिवेशन को संबोधित किया।

महामंत्री शिवगोपाल मिश्रा ने कहा कि ऑल इण्डिया रेलवेमैन्स फैडरेशन 01 जनवरी 2026 से इसको पूर्णतया: लागू करवाने में अपने पूरे प्रयास कर रहा है। साथ ही रेलकर्मचारियों का कैडर रिस्ट्रक्चरिंग भी शीघ्र ही लागू करवाने पर रेलवे प्रशासन पर दबाव बनाया जा रहा है। यूनियन के महामंत्री कॉ.मुकेश गालव ने बताया कि वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे एम्पलाईज यूनियन का कैडर ने साबित कर दिया कि वह बिना सुविधा के एकजुट होकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करेगा। वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे एम्पलाईज यूनियन का 22वें वार्षिक अधिवेशन में हजारों की संख्या में भाग लेकर इसे यूनियन के कैडर ने साबित भी किया। प्रेस सचिव राजेश गौतम ने बताया कि प्रात: विशाल रैली मंडल यूनियन कार्यालय से प्रारंभ होकर भीमगंजमंडी स्टेशन बजरिया होते हुये अण्डर ब्रिज से डब्ल्यूसीआरईयू वैगन रिपेयर शॉप शाखा के प्रागंण में आमसभा में तब्दील हुई।

यूनियन के जोनल कोषाध्यक्ष इरशाद खान ने वार्षिक लेखा-जोखा प्रस्तुत किया जिसको उपस्थित सभी रेलकर्मचारियों ने ध्वनिमत से पारित कर दिया। अधिवेशन को एआईआरएफ की जोनल सेक्रेट्री चम्पा वर्मा ने भी संबोधित करते हुये कहा कि डब्ल्यूसीआरईयू स्वतंत्र स्वावलम्बी प्रजातांत्रिक मजदूर आन्दोलन में विश्वास करती है इस ऐतिहासिक अधिवेशन में भाग लेने वाले सभी रेलकर्मचारियों को यूनियन के इतिहास एवं उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताया। इस वार्षिक अधिवेशन को जोनल कार्यकारी अध्यक्ष जबलपुर बी.एन.शुक्ला, जबलपुर के मंडल सचिव रोमेश मिश्रा, ओम मिश्रा, भोपाल के मनीष भगत, आर.के.यादव, सुल्तान जहां, सहित यूनियन की यूथ विंग, महिला विंग के पदाधिकारियों ने संबोधित किया।

कोटा मंडल के अध्यक्ष लोकेन्द्र मीणा, कार्यकारी अध्यक्ष अजय शर्मा, सहायक महामंत्री